सम्मिलित भर्ती परीक्षण हेतु ई-प्रवेश पत्र

(i) भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त का कार्यालय, गृह मंत्रालय में सहायक निदेशक (सूचना प्रौद्योगिकी) के 29 पद [विज्ञापन सं.15/2021, रिक्ति सं. 21101511623]

(ii) मिलिट्री दूरसंचार इंजीनियरी कॉलेज (एमसीटीई), महू, मध्यप्रदेश, सिग्नल महानिदेशालय, एकीकृत मुख्यालय, रक्षा मंत्रालय में सहायक प्रोफेसर (कंप्यूटर इंजीनियरी/सूचना प्रौद्योगिकी इंजीनियरी) के 05 पद [विज्ञापन सं. 16/2021, रिक्ति सं. 21111605313]

(iii) महानियंत्रक एकस्व अभिकल्प एवं व्यापार चिह्न का कार्यालय, उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में सिस्टम एनालिस्ट सह कंप्यूटर प्रोग्रामर के 05 पद [विज्ञापन सं. 13/2020, रिक्ति सं. 20101302524]

(iv) संघ लोक सेवा आयोग में सिस्टम एनालिस्ट के 06 पद [विज्ञापन सं. 05/2022, रिक्ति सं. 22030508512]

नोटिस

संघ लोक सेवा आयोग उपर्युक्त पदों पर भर्ती के लिए **दिनांक 11.12.2022 (रविवार) को पूर्वाह्न सत्र में प्रातः 09.30 बजे से प्रातः 11.30 बजे तक देशभर के पन्द्रह केन्द्रों पर** सम्मिलित भर्ती परीक्षण का आयोजन करेगा। आयोग ने प्रवेश दिए गए उम्मीदवारों की सुविधा के लिए सम्मिलित भर्ती परीक्षण हेतु ई-प्रवेश-पत्र (अथवा अस्वीकृत आवेदन पत्रों के संबंध में आवेदन पत्र को अस्वीकृत किए जाने के कारण/आधार) अपनी वेबसाइट (http://www.upsc.gov.in) तथा (http://www.upsconline.nic.in) पर अपलोड किए हैं। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपना ई-प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लें और उसका प्रिंटआउट निकाल लें। प्रवेश दिए गए उम्मीदवारों को परीक्षण-स्थल पर प्रवेश लेने के लिए अपने ई-प्रवेश पत्र के प्रिंटआउट प्रस्तुत करना होगा। जिन उम्मीदवारों की फोटो ई-प्रवेश पत्र पर स्पष्ट नहीं है, उन्हें भर्ती परीक्षण में प्रवेश के लिए अपने साथ पासपोर्ट आकार के दो फोटोग्राफ सहित परिवचन तथा अपनी फोटो पहचान का कोई मूल प्रमाण जैसे आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र लाना होगा। **इस भर्ती परीक्षण के लिए आयोग द्वारा कोई कागजी प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जाएगा।**

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपने ई-प्रवेश पत्र का प्रिंटआउट निकाल लें। किसी प्रकार की विसंगति के मामले में, तत्काल आयोग को सूचित किया जाए, जिससे आयोग इस मामले में निर्णय ले सके। किसी प्रकार की कठिनाई आने पर उम्मीदवार, संघ लोक सेवा आयोग के सुविधा केन्द्र के टेलीफोन नं. 011-23381125, 23385271 तथा 23098543 पर सभी कार्यदिवसों में प्रात: 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे के बीच संपर्क कर सकते हैं।